संक्षिप्त

बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई

श्रीमाधोपुर। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के आदेशो की पालना में राजकीय कन्या महाविद्यालय होद में 27 से 31 जनवरी तक खेल सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। खेल सप्ताह के चौथे दिन प्राचार्य मालीराम वर्मा की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ।खेल प्रभारी डॉ हंसराज चौहान ने बताया राजकीय कन्या महाविद्यालय होद, खंडेला मे गुरुवार 30 जनवरी को खेल सप्ताह के चौथे दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में मनीषा सैनी विजेता रही । इस अवसर पर डॉ आशीष फोगाट, सुरेश मिठारवाल, सुधा, अभिलाषा, अमित गर्ग, अनिल कुमार शर्मा, डॉ अजय कुमार जांगिड एवं रजनीश सिद्धार्थ, गुरुदयाल सिंह, सुरेश बिवाल, मूल चंद आदि उपस्थित रहे।

मौनी अमावस्या पर गोस्वामणी का आयोजन

श्रीमाधोपुर । मौनी अमावस्या धार्मिक महापर्व 133 वर्ष बाद आने पर श्री कृष्ण गौशाला कुलडा का टीबा अरनिया में गौ माताओ के लिए बड़ी गौ स्वामणी का आयोजन किया गया जिसमें 151 किलो गेहूं का दलिया, दो कार्टून गुड़, के एक पीपा तेल , मेथी व हल्दी आदि सामग्री मिलाकर बड़ी स्वामणी का आयोजन ढाणीवासीयों फुटली, सुमन यादव ,सजना यादव ,शर्मिला यादव ,सीता देवी यादव, सुमन देवी यादव व भक्तगण महावीर प्रसाद यादव गौशाला ,उपाध्यक्ष रमेश कुमार यादव, गौशाला उप व्यवस्थापक भगवान सहाय ट्रेलर ,दीपक यादव, बोदूराम यादव ,रामदेव जाजम गौशाला सचिव, गीगाराम सैनी, महासचिव आदि भक्त गणो के सहयोग से सवामणी का आयोजन किया गया ।

सुर्य सप्तमी को लेकर हुई बैठक

मालपुरा। प्रधानाचार्या अल्का पारीक की अध्यक्षता मे सुर्य सप्तमी के आयोजन को लेकर सीआरसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे युसीईईओ अधिनस्थ समस्त संस्था प्रधान व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहै। प्रधानाचार्या अल्का पारीक ने बताया कि तीन फरवरी को विभागीय निर्देशानुसार सुर्य सप्तमी के दिन मालपुरा मे भी सामुहिक सुर्य नमस्कार के आयोजन पर चर्चा कर योजना बनाई गई। बैठक मे निजी विद्यालय संघ अध्यक्ष रमाकांत पाठक सहित जगदीश गुर्जर, दीपक गुप्ता, राजेन्द्र शर्मा, कोशल नरेश शर्मा, प्रतिभा गालव, सजनी जाट, संजय चौधरी, गितेश विजय, मो.अजीम आदि मौजूद रहै।

दवाईयों के बारे में दी जानकारी

निवाई। डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. यशिका सचदेवा ड्रग सेफ्टी एसोसिएट ने विभिन् प्रकार की दवाईयों के बारे मे तथा उनके हानिकारक प्रभाव से बचने के लिए सुझाव दिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव धीरज पांडे, विभागाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, आईटी विभागाध्यक्ष अनुज तिवारी, डीन रिसर्च अमितकुमार, पीआरओ ठा. तनुज सैंगर, फार्मेसी विभाग से रितेश उपाध्याय, डॉ अनुराज आनंद, डॉ सुखदीपसिंह, अशोक यादव, ज्योति देवी,ज्योति बर्नवाल, आईटी विभाग से राकेश कुमार, अमृत स्वरूप व कमलेशकुमार सहित कई छात्र छात्राएँ उपस्थित रहें।

युवक ने की आत्महत्या

टोंक। विकास विहार कॉलोनी में निवास कर रहे एक युवक ने बिजली के पंखे से लटकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।थानाधिकारी कोतवाली भंवरलाल वैष्णव ने बताया कि मृतक राकेश पुत्र रामदयाल यादव उम्र 23 साल निवासी चौथ का बरवाडा जिला सवाईमाधोपुर का रहने वाला था तथा यहां किराये के मकान में रहकर प्रथम वर्ष बीए शिक्षा ग्रहण कर रहा था। आत्महत्या के कारणों का खुलासा तो अभी नही हो पाया है, पुलिस ने बाद पोस्टमार्टम के शव परिजनो को सौपा।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कलेक्टर और एस. पी. ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

खैरथल। राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) प्रारंभिक भर्ती परीक्षा के मद्देनजर जिला कलेक्टर किशोर कुमार और पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने राजकीय विद्यालय हरसोली, ततारपुर, मुंडावर सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षार्थियों को असुविधा नहीं हो इसके लिए परीक्षा केंद्र प्रभारी एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा, स्वच्छता, और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं ।

इस दौरान खैरथल पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी ने केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को परीक्षा केन्द्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी मुंडावर सुरेश कुमार बलई, तहसीलदार लोकेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।


परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का अवलोकन करने पहुंचे जिला कलेक्टर किशोर कुमार, एसपी मनीष चौधरी व अधिकारी।

जागरूकता वाहिनी को कलेक्टर ने किया रवाना

दूसरी ओर खैरथल तिजारा जिला मुख्यालय खैरथल पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक जिले में चलाए जाने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ कर जिले भर में लोगों को कुष्ठ रोग से जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार वाहिनी को झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया जिले में कुष्ठ रोग से संबंधित जागरूकता फैलाने के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक ''स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान'' की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य ग्राम सभाओं के माध्यम से कुष्ठ रोग उन्मूलन के बारे में जनजागरूकता फैलाना है। अभियान के सफल संचालन के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा अधिक से अधिक जनजागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया अभियान के तहत जिले में शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूलों की प्रार्थना सभाओं और सरकारी आयोजनों में कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, कुष्ठ रोग पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम और निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। समस्त ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारियों को आशा एएनएम की गठित टीम के माध्यम से ग्राम स्तर पर जनजागरूकता फैलाने और सर्वे करने का निर्देश दिया गया है।

इस अभियान की थीम ''आईए

- हरसोली ततारपुर मुंडावर सहित अन्य केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं स्वच्छता व मूलभूत सुविधाओं को लेकर दिए निर्देश

सब मिलकर जागरूकता बढ़ाएं, भ्रांतियां दूर करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति छूट न जाए'' रखी गई है।

सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि कुष्ठ एक संक्रामक रोग है, जो त्वचा और तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में शरीर पर हल्के रंग के दाग, सुन्नपन, मटर के दाने जैसी गांठें और हाथ-पैर में सुन्नता शामिल हैं। यह रोग पूर्णतः ठीक हो सकता है और इसके इलाज के लिए सभी राजकीय अस्पतालों में निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. पूरणमल मीणा, नर्सिंग अधिकारी मनोज कुमार, अनिल कुमार और वार्ड ब्वॉय राकेश कुमार यादव भी उपस्थित थे।

बेटी की घोड़ी पर निकाली बिंदोरी

श्रीमाधोपुर। कस्बे निकटवर्ती ढाणी जयरामकावाली मे पापटवान परिवार अपनी बेटी की घोड़ी पर बैठ कर बिंदोरी निकाली। बेटों की तरह बेटियों को भी अब घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली जा रही है। ऐसा ही नजारा रात्री में श्रीमाधोपुर ढाणी जयरामकावाली में देखने को मिला।मंजु देवी पत्नी नारायण लाल सैनी (पापटवान) अपनी लाडो बेटी उषा को घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से डीजे के साथ बिंदौरी निकाली। पिता नारायण लाल सैनी ने बताया कि बेटा बेटी में कोई फर्क नहीं मानकर बेटी को घोड़ी पर बैठकर बिंदोरी निकाली है जिसमें आमजन को संदेश मिलता है की बेटा बेटी में फर्क नहीं होना चाहिए । बताया कि बेटियों को आगे बढ़ते देखकर बहुत खुशी होती है और इससे समाज में भी अच्छा संदेश जाता है सत्यनारायण सैनी ने कहा कि समाज में बेटियों को भी बेटों के समान ही मानते हुए उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि वे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश, समाज व परिवार का नाम रोशन कर सकें। उषा की शादी गणेश मंदिर श्रीमाधोपुर निवासी ईंदु देवी पत्नी राजेंद्र कुमार सैनी के पुत्र अमन के साथ होगी।

सम्मान समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

आमेर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खोरा मीणा में भामाशाह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के उप महाप्रबंधक संजीव जी थे। साथ ही, विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंत शर्मा, सहायक प्रबंधक (क्षेत्रीय कार्यालय, हेरीटेज सिटी), जी.एल. सहेरा, मुख्य प्रबंधक (क्षेत्रीय कार्यालय), तथा मुकेश कुमार मीणा, प्रबंधक (कूकस ब्रांच) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की संस्था प्रधान मगन देवी मीणा द्वारा की गई।

समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत विद्यालय को 4,43,200 रुपये की सहायता प्रदान की। इस राशि से विद्यालय में 5 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट, वाटर कूलर तथा

भामाशाह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया।

फर्नीचर की व्यवस्था की गई। यह सहयोग विद्यार्थियों को स्वच्छ जल, उचित विद्युत आपूर्ति और बेहतर बैठने की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे उनके शैक्षिणक वातावरण में सुधार होगा।

ग्रामवासियों और एवीडीसी खोरा मीणा के सदस्यों ने अतिथियों का पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में भव्य स्वागत किया। उन्हें माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिली। विद्यालय परिवार की ओर से भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह और पौधे भेंट किए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय के अध्यापक नरेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया

फुलेरा । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम हबसपुरा में संचालित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संगीता पारीक द्वारा उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पारीक ने बताया कि कुष्ठ रोग, जिसे हैनसेन रोग के नाम से भी जाना जाता है। एक उपचार योग्य दीर्घकालिक संक्रामक रोग है। जो माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक बैक्टीरिया से फैलता है। इसमें त्वचा पर चकत्ते या उभार बन जाते है। साथ ही उस भाग पर सूनापन भी आ जाता है। लेकिन समय से इलाज मिलने पर इसको ठीक भी किया जा सकता है।

कुष्ठ रोग को लेकर समाज में जो मिथक फ़ैली हुई है। उन्हें समाप्त करने के लिए लोगों को शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में वि.डि.ओ. ममता, एएनएम अनिता, अमन, मोहिनी देवी, केसर देवी, मंजू, सुरज्ञान सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

'जिला चिकित्सालय में दूरबीन मशीन का उद्घाटन'

दौसा। जिला चिकित्सालय में 42 लाख रुपए कीमत की लेप्रोस्कोप मशीन ;दूरबीन मशीनद्ध का उद्घाटन किया गया। जगमोहन मीना के मुख्य आतिथ्य एवं मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र यादव के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यऋम में मशीन का उद्घाटन कर एक मरीज का अपेनडेक्स का सफल ऑपरेशन किया गया। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके मीना ने बताया कि आरईसी फ उण्डेशन गुडगांव, हरियाणा की ओर से दान की गई इस लेप्रोस्कोप मशीन की कीमत करीब 42 लाख रुपए है, जिससे पित्त की थैली का ऑपरेशन, बच्चेदानी का ऑपरेशन, अपेनडेक्स का ऑपरेशन तथा किडनी, युरेटर व मुत्राशय की पथरी का ऑपरेशन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि उद्घाटन के बाद लोटवा?ा निवासी मरीज हनुमान गुर्जर

लेप्रोस्कोप मशीन, दूरबीन मशीन का उद्घाटन किया।

का अपेनडेक्स का ऑपरेशन लेप्रोस्कोप मशीन ;दूरबीन मशीन द्वारा किया गया। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष सर्जन डॉ. दानिश अली, डॉ. दिनेश मीना, डॉ. अनिल जाटव, डॉ. आकाश गाँधी ने एनेस्थेशिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र मीना, डॉ राजेंद्र वर्मा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. रामावतार मीना, डॉ. मेघा, डॉ. सतपाल, डॉण् जतिन के सहयोग से यह ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है। इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीताराम मीना, डॉ. चैन सिंह मीना तथा समस्त चिकित्सक व मेडिकल स्टाफ उपस्थित था।

कारागृह की बहुप्रतीक्षित पेयजल समस्या का हुआ समाधान

दौसा। कारागार विभाग ने फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा सीएसआर पार्टनर मुकुल माधव फाउण्डेशन पुणे के सहयोग से विशिष्ट केन्द्रीय कारागृह श्यालावास में 2 पुराने कुओं का जीर्णोद्धार करवाया है। कारागार रेंज जयपुर की उप महानिरीक्षक मोनिका अग्रवाल ने पुनरुद्धार किये गये कुओं का लोकार्पण किया। उप महानिरीक्षक मोनिका अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि इसी प्रकार समाजसेवी संस्थाएं कारागृहों की व्यवस्थाओं के सुधार के लिए आगे आएंगी तो कारागृहों की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ और सुचारू हो सकेगी।

उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा सीएसआर पार्टनर मुकुल माधव फाउण्डेशन का आभार व्यक्त किया। कारागृह उपाधीक्षक सौरभ स्वामी ने बताया कि बंदियों एवं कारागृह कार्मिकों के लिए अब तक पेयजल की व्यवस्था टैंकरों के माध्यम से की जा रही थी। पुराने कुओं में से 35 फीट की गहराई तक कीच? निकालकर 126 फीट गहरा किया गया। कुओं के जीर्णोद्धार से विशिष्ट केन्द्रीय कारागृह की बहुप्रतीक्षित पेयजल समस्या का समाधान हो गया। दोनों पुराने कुओं के जीर्णोद्धार तथा गहरा कराने के कार्य पर 1० लाख रुपए खर्च हुए जिसमें मुकुल माधव फाउण्डेशन ने 9 लाख तथा कारागार विभाग ने 1 लाख रुपए का सहयोग दिया। इस कार्य में लगभग 2 माह का समय लगा।

इस अवसर पर कारापाल राजेश डुकिया, उप कारापाल हाजी दिलावर खान, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रतिनिधि चिराग पगधर, नितिन जैन, आशीष शर्मा एवं सीएसआर पार्टनर मुकुल माधव फाउण्डेशन के राजस्थान हैड हेमन्त चतुर्वेदी एवं गुजरात हैड नितुल बरोट उपस्थित थे।

एस. डी. एम. व तहसीलदार ने सरकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण

पावटा। उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार पावटा दिनेश कुमार कटारिया ने मंगलवार को पंचायत समिति पावटा, पशु चिकित्सालय पावटा, महिला एवं बाल विकास पावटा, कृषि विभाग पावटा,कार्यालय ब्लॉक पावटा मुख्य शिक्षा अधिकारी , राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा सहित आंगन बाडी केंद्र प्रागपुरा - 4 तथा अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति और कार्यालय की साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति पावटा व महिला एवं बाल विकास पावटा कार्यालय

में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाई गई व कार्यालय में 6 कार्मिक कार्मिक अनुपस्थित मिले। वहीं निरीक्षण के

तहसीलदार दिनेश कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भांकरी, पांछूडाला का औचक निरीक्षण किया।

दौरान सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय कृषि विभाग पावटा बंद मिला। जिस पर उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार पावटा दिनेश कुमार कटारिया ने अनुपस्थित कार्मिकों को व बंद कार्यालय के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। उपखंड अधिकारी पावटा कपिल

- साफ सफाई रखने व अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश

कुमार उपाध्याय, तहसीलदार पावटा दिनेश कुमार कटारिया ने अधिकारियों से कहा कि वह यह भी सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारी पूरा समय कार्यालय में उपस्थित रहें । ताकि किसी कार्य के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा हो। उन्होंने कार्यालय निरीक्षण के साथ-साथ सभी कार्यालयों में साफ सफाई को लेकर कहा कि कार्यालय में स्वच्छ साफ-सुथरा माहौल रहने से जहां अधिकारी कर्मचारी चुस्त दुरूस्त रहेंगे, वहीं इससे उनके व्यवहार में बदलाव आएगा।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-6/2024/डी-2916
सार्वजनिक सूचना दिनांक-06.12.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुन्ना लाल पुत्र श्री मांगीलाल द्वारा सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर दी जयपुर वालमिकी गृ.नि.स. समिति की योजना दधिची नगर के आवासीय भूखण्ड संख्या B6&B7 (NEW)/A5 & amp:A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन किया है। उक्त भूखण्ड सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र में अध्यक्ष के हस्ताक्षर भिन्नता होने के संबंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन करवाया जाना है। अत इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताररकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा भूखण्ड संख्या B6&B7 (NEW)/A5& amp:A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का श्री मुन्ना लाल पुत्र श्री मांगीलाल के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।
उपायुक्त जोन-6, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6098 दिनांक-16.01.2025
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना मे आवास संख्या 65/216 (EWS) (एरिया 36.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री राजेन्द्र कुमार पारीक पुत्र श्री राम प्रताप पारीक को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4339 दिनांक 07.12.1995 को जारी किया गया। श्रीमती राधा शर्मा पत्नी श्री श्रीराम शर्मा के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 3341/3797 दिनांक 18.12.2018 के द्वारा किया गया। श्रीमती राधा शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 13.03.2019 को उप पंजीयक जयपुर-प्रथम के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती राधा शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 13.11.2019 के द्वारा श्री गोवर्धन पुत्र श्री जयराम को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर दशम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री गोवर्धन द्वारा उक्त आवास को दिनांक 28.11.2024 के द्वारा श्रीमती पूजा वर्मा पत्नी श्री मोहन लाल को विक्रय कर उप पंजीयक एकादश, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। अत उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती पूजा वर्मा पत्नी श्री मोहन लाल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

खोया पाया
मेरे मकान संख्या 30/43/12 स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर की मूल रजिस्ट्री पेपर एवं अन्य कागजात कहीं खो गये है। मिलने पर सूचित करें- इन्द्रपाल सिंह-9610955064

जे.डी.ए. की योजना बाईजी की कोठी कच्ची बस्ती जयपुर के भू.सं. बी-157, के जे.डी.ए. द्वारा जारी मूल साईट प्लान कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें-राजेन्द्र प्रसाद सांवरिया मो. 8955168026

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी
आवश्यक सूचना मूलतः आवास संख्या 3/152 अरावली विहार योजना भिवाडी श्री द्वारका प्रसाद वर्मा को आवंटन पत्र क्रमांक 2050 दिनांक 23.09.2010 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा इनके पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1354 दिनांक 04.08.2011 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा दिनांक 25.11.2010 के पंजीकृत मुख्यतारनामा द्वारा श्री सन्दीप कुमार पुत्र श्री रामेश्वर लाल को मुख्यतारआम धारक नियुक्त किया गया। श्री सन्दीप कुमार द्वारा मुख्यतारआम धारक की हैसियत से उक्त आवास की रजिस्ट्री दिनांक 09.08.2011 को उप पंजीयक भिवाडी मे पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री सन्दीप कुमार द्वारा उक्त आवास का वेचान दिनांक 25.09.2013 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्री रामेश्वर लाल मेघवाल को किया गया। श्री रामेश्वर लाल मेघवाल द्वारा उक्त आवास का वेचान दिनांक 29.05.2023 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती साक्षी पत्नी श्री संतोष कुमार सिंह एव श्रीमती प्रेरणा पत्नी श्री भुपेदेर सिंह को संयुक्त नाम से किया गया है। श्रीमती साक्षी एव श्रीमती प्रेरणा द्वारा संयुक्त नाम से आवास का लीज डीड परिर्वतन करने के लिए प्रपत्र एवं प्रशासनिक शुल्क उच्च आय वर्ग दो बार विक्रय का राशि रुपये 2000.00 जमा कराकर चालान व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उक्त मकान का लीज स्थानान्तरण उनके पक्ष में किया जावे। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 3/152 अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी के संबन्ध में किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विषेश या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती साक्षी पत्नी श्री संतोष कुमार सिंह एंव श्रीमती प्रेरणा पत्नी श्री भुपेदेर सिंह के संयुक्त नाम से मकान संख्या 3/152 अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी जिला अलवर के लीज स्थानान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्र. : जविप्रा/उपा/जोन-5/2025/डी-2751 दि. : 28.01.2025
आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मेघा तिवाड़ी पत्नी श्री आशीष तिवाड़ी द्वारा योजना श्याम नगर विस्तार के भूखण्ड संख्या ई-190 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण जारी किए जाने हेतु आवेदन किया गया है। उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार योजना श्याम नगर विस्तार के भूखण्ड संख्या ई-190 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज का पट्टा दिनांक 04.03.2015 को श्रीमती बिशन कौल पत्नी स्व. श्री श्याम मोहन कौल के पक्ष में जारी किया गया। उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण जोन के पत्र क्रमांक डी/2532 दिनांक 12.12.2023 को श्री सुभाष जैन पुत्र श्री पारस जैन एवं श्रीमती संगीता जैन पत्नी श्री सुभाष जैन के पक्ष में किया गया है। श्री सुभाष जैन पुत्र श्री पारस जैन एवं श्रीमती संगीता जैन पत्नी श्री सुभाष जैन ने उक्त योजना श्याम नगर विस्तार के भूखण्ड संख्या ई-190 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज का पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.02.2024 के द्वारा आवेदिका श्रीमती मेघा तिवाड़ी पत्नी श्री आशीष तिवाड़ी के पक्ष में बेचान किया गया है। अतः उक्त सम्बन्ध में आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदिका के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदिका के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त, जोन-5, जविप्रा, जयपुर

नाम परिवर्तन
मेरे नाम मेरे पास पोसपोर्ट में गलती से वहीद दर्ज हो गया। जबकि मेरे आधार व सभी दस्तावेज में मेरा नाम वहीद खान पुत्र अब्बदुल्ला खान है व जन्म दिनांक 1 जनवरी 11949 है अत भविष्य में मुझे वहीद खान पुत्र अब्दुल्ला खान पता 595 चिनी की बुर्ज, गणगौरी बाजार के नाम से जाना व पहचाना जावें।

यह सूचित किया जाता है कि मैं हनीफ, पुत्र छोटे खां, निवासी 3413, गली मुसे खां, मोहल्ला सिलावटान, सुभाष चौक, जयपुर ने अपना नाम हनीफ से बदलकर मोहम्मद हनीफ कर लिया है। अब से मुझे मोहम्मद हनीफ के नाम से ही जाना जाएगा।

मैं आर्मी नं. 15698790X रैंक HAV (OCC) अतुल कुमार निवासी VPO टांडा मजरा, तहसील-बुढाना, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश-251309 ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकार्ड में अपनी पुत्री का नाम कुमारी नंदनी से बदलकर नंदनी पँवार कर लिया है।

मैंने अपना नाम ग्यारसी देवी जो मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है। जिससे बदलकर लक्ष्मी देवी पत्नि विनोद कुमार सैनी रख लिया है। भविष्य में मुझे लक्ष्मी देवी पत्नि विनोद कुमार सैनी के नाम से जाना जावें। निवासी-गढहिम्मत सिंह, दौसा, राजस्थान

सार्वजनिक सूचना कार्यालय जयपुर, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपु
(मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्कीम, जयपु
क्रमांक मु.जो./नगिज/2024/ 4029 दि. 28.01.202
भूखण्ड सं. ए-32, दुर्गा विहार-ए (केरव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती सज्जन कंवर पत्नी श्री आन सिंह को क्षेत्रफल 239.06 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था प्रकरण में आवेदक श्रीमति नीलू कुमावत पत्नी श्री विकास कुमावत द्वारा उप पत्र (अण्डरटेकिंग), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटों प्रति, रंजि विक्र पत्र एवं अन्य सेन दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वय के नाम उपविभाजन/ नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध करायें ग दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड श्रीमति नीलू कुमावत पत्नी श्री विका कुमावत के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 82.22 वर्गगज का उपविभाजन/नाम हस्तांतर जारी कि